राज्यपाल ने कोविड–19 में सहयोग के लिए पेटीएम को दिया साधुवाद

जयपुर, 11 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कोरोना वायरस जनित कोविड–19 की राष्ट्रव्यायी आपदा में जन सेवा के लिए पेटीएम को साधुवाद देते हुए उनके कार्यों की प्रशंसा की है। राज्यपाल श्री मिश्र ने पेटीएम के उपाध्यक्ष श्री सिद्धार्थ पाण्डेय को इस कार्य के लिए प्रंशसा पत्र भी दिया।

राज्यपाल श्री मिश्र से गुरूवार को पेटीएम के उपाध्यक्ष श्री सिद्धार्थ पाण्डेय ने राजभवन में मुलाकात की। राज्यपाल ने कहा कि पेटीएम, युवराज सिंह फाउण्डेशन और लाइफबॉय के सहयोग से राजभवन को मिले हाईजीन किट प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में भिजवाये जायेंगे। श्री मिश्र ने बताया कि इन संस्थाओं द्वारा पैसंठ हजार मास्क, तीस हजार दस्तानें और चालीस हजार साबुन उपलब्ध कराने का कार्य सामान्य जनमानस के प्रति सेवा भाव एवं देश प्रेम को परिलक्षित करता है।

राज्यपाल ने कहा कि इस मुहिम से जनमानस को राहत मिलेगी और सेवाभावी लोगों को भी आगे आने की प्रेरणा मिलेगी।

–

राज्यपाल के सचिव को लॉकडाउन डायरी भेंट

जयपुर, 11 जून। कोरोना वैश्विक महामारी के विभिन्न क्षेत्रों पर होने वाले प्रभावों और लॉकडाउन में लोगों की मनोदशा पर केंद्रित लॉकडाउन डायरी (समय संवेदना का राग अनुराग) गुरूवार को लेखक श्री वीरेन्द्र परिहार ने राज्यपाल के सचिव श्री सुबीर कुमार को भेंट की।

राज्यपाल के सचिव श्री सुबीर कुमार ने इसे कोरोना महामारी के दौरान रचनात्मकता से परिपूर्ण सामाजिक सरोकारों के प्रति एक बड़ा कार्य बताया। उन्होंने कहा कि आपदा को अवसर में बदलिये, नीरसता में सरसता ढूंढिए और मन के हारे हार है , मन के जीते जीत कुछ ऐसे ही इस डायरी के लेख है, जिनसे निश्चित रूप से इस नाजुक दौर में विवेकपूर्ण तरीके से लड़ने की ताकत और नयी राह लोगों को मिलेगी।

कुल 92 पृष्ठों की इस पुस्तक में लेखक श्री वीरेन्द्र परिहार ने कोरोना महामारी में आम व्यक्ति की संवेदनाओ, मनोदशाओं और आशावादी दृष्टिकोण के साथ लॉकडाउन पालन से सम्बंधित विभिन्न लेख शामिल किए हैं। लॉकडाउन डायरी के लेखक श्री वीरेन्द्र परिहार दूरदर्शन केंद्र जयपुर में कार्यक्रम निर्माता है और चौधरी चरण सिंह राष्ट्रीय कृषि पत्रकारिता पुरस्कार से सम्मानित है।

——

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक, (जस.) राज्यपाल